# समाचार

## विभिन्न बस्तियों का भ्रमण कर महापौर ने जानी समस्याएँ

### (नागरिको से की मुलाकात, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों का सघन रूप से दौरा किया तथा वहां के निवासियों से मुलाकात कर उनकी विकासपरक समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं के त्वरित निराकरण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 31 दादर बस्ती, मैग्जीनभाठा, जनकपुरी मोहल्ला, पुरानी बस्ती, रूद्रनगर, दामाद मोहल्ला सहित अन्य बस्तियों व मोहल्लों का सघन रूप से दौरा किया। अपने दौरे व जनसंपर्क भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से सीधी मुलाकात कर उनकी विकास सम्बन्धी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान बस्ती वासियों द्वारा सड़क, नाली व विद्युतीकरण सम्बन्धी कार्यों की आवश्यकता होने की जानकारी महापौर को दी साथ ही एक दो स्थानों पर पेयजल की समस्या होने सम्बन्धी तथ्य से अवगत कराया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने दौरे में साथ गए अधिकारियों को इन समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित रूप से त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

<u>समस्याओं के निराकरण व समुचित विकास हेतु प्रतिबद्ध</u> :—

अपने भ्रमण के दौरा महापौर श्रीमती रेण अग्रवाल ने बस्ती वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों व जनसमस्याओं के निराकरण हेतु वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का निराकरण करना एवं उनको सभी आवश्यक मौलिक सुविधाएँ मुहैया कराना मेरा प्रथम लक्ष्य है। सभी वार्डों में विकास को यथोचित दिशा व गति प्रदान की गई है तथा आमजन की इच्छा व उनकी आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

महापौर श्रीमती अग्रवाल के जनसंपर्क भ्रमण के दौरान पार्षद विनीता द्विवेदी, समाजसेविका मंगल बुधिया, कृष्णा द्विवेदी, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.भोजासिया व आर.के. चौबे, सहायक अभियंता के.पी.दहायत, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार, अरूण यादव, सरस्वती देवी, प्रमिला राठौर, अन्नपूर्णा राठौर, ममता राठौर, राघवेन्द्र राठौर, श्यामलाल राठौर, लीलाधर राठौर, नंदकिशोर शर्मा, राजेश पोझार, यशपाल राठौर आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।